नगर आयुक्त ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया

विश्ववार्ता संवाद

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने नगर के निपुण अस्पताल एवं परमिंदर अस्पताल में बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। नगर में हो रही जाम की समस्या के मद्देनजर नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा सवर्प्रथम निपुण अस्पताल में बने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें जानकारी करने पर पाया गया कि अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल में तीमारदारों द्वारा खडे. किये जाने वाले वाहनों से अधिक शुल्क लिया जा रहा है। जिसकी वजह से अस्पताल परिसर के बाहर तीमारदारों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े किये जाते है और जिससे जाम की समस्या बन जाती है।

नगर आयुक्त द्वारा मुख्य कर निधार्रण अधिकारी को निदेर्षित किया गया कि सभी नर्सिंग होम की पार्किंग के रेट प्राप्त कर लिये जायें, जिसके आधार पर नियमावली बनाकर एकरुपता लाया जा सकें व दरें निधार्रित की जा सकें। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र में बने परमिंदर अस्पताल के बाहर सड़क के किनारे तीमारदारों द्वारा अवैध रुप से खड़े किये जाने वाले वाहनों को तत्काल हटवाये जाने व अस्पताल परिसर में बने पार्किंग स्थल पर ही तीमारदारों के वाहन खडे.किये जाने हेतु संबन्धित को निदेर्षित किया।

जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, मुख्य कर निधार्रण अधिकारी आरती सिंह, राजस्व निरीक्षक अष्वनी अवस्थी एवं प्रवतर्न दल की टीम मौजूद रही।